भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 851
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के तहत संचालित की जा रही उड़ानें

851. श्री खलीलुर रहमानः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) उड़ान योजना के तहत संचालित की जा रही उड़ानों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ख) एयरलाइनों को आवंटित किये जाने के बावजूद अभी तक शुरू न होने वाली उड़ानों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ग) उक्त योजना के तहत पार्किंग स्लॉट्स और लैंडिंग स्लॉट्स की उपलब्धता तथा एयरलाइनों को उपलब्ध अवसंरचना का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या हवाई अड्डों को उक्त योजना के तहत एयरलाइनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संदर्भ में अवसंरचना संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): इसका ब्यौरा अनुलग्नक पर संलग्न है।

(ग) से (ङ): वर्तमान में हवाईअड्डों पर आरसीएस उड़ानों के लिए कोई समर्पित/आरक्षित पार्किंग नहीं है। तथापि उड़ान योजना के तहत आने वाले विमान को संबंधित हवाईअड्डे पर उपलब्ध मौजूदा पार्किंग स्टैंड में समायोजित किया जाता रहा है।

उड़ान योजना के तहत एयरलाइन परिचालनों के लिए आवश्यक सुविधाओं के संबंध में हवाईअड्डों पर अवसंरचना संबंधी किन्हीं बड़ी बाधाओं की सूचना नहीं दी गई है। प्रतिभागी हवाईअड्डों को, सभी आवश्यक अवसंरचना के साथ, योजना दिशानिर्देशों के अनुसार विकसित या अपग्रेड किया गया है।

अनुलग्नक

क्रम संख्या	राज्य	प्रचालनरत मार्गों की संख्या	शुरू किए जाने हेतु शेष मार्गों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-	6
2	आंध्र प्रदेश	18	1
3	अरुणाचल प्रदेश	10	6
4	असम	36	23
5	बिहार	10	2
6	चंडीगढ़	3	3
7	छत्तीसगढ	13	1
8	दमन और दीव (केंद्र शासित प्रदेश)	5	6
9	दिल्ली (केंद्र शासित प्रदेश)	19	3
10	गोवा	7	4
11	गुजरात	44	13
12	हरियाणा	3	1
13	हिमाचल प्रदेश	23	24
14	जम्मू और कश्मीर	2	2
15	झारखंड	5	7
16	कर्नाटक	66	5
17	केरल	12	3
19	लक्षद्वीप	1	17
20	मध्य प्रदेश	27	1
21	महाराष्ट्र	65	10
22	मणिपुर	13	11
23	मेघालय	9	2
24	मिजोरम	2	9
25	नागालैंड	4	13
26	ओडिशा	18	5
27	पुडुचेरी (केंद्र शासित प्रदेश)	1	0
28	पंजाब	17	4
29	राजस्थान	31	6
30	सिक्किम	3	3
31	तमिलनाडु	14	10
32	तेलंगाना	29	1
33	त्रिपुरा	3	4
34	उत्तर प्रदेश	57	39
35	उत्तराखंड	60	21
36	पश्चिम बंगाल	21	6
कुल		**651**	**272**

*****